


# सांध्य दैनिक 4PM

जिद...सच की

www.4pm.co.in | www.facebook.com/4pmnewsnetwork | @Editor_Sanjay | YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्ष: 10 ● अंक: 213 ● पृष्ठ: 8 ● लखनऊ, सोमवार, 9 सितम्बर, 2024

मूल्य ₹ 3/-




जब कोई आपको दिखाता है की वो कौन है, तो पहली बार उस पर भरोसा कर लीजिये।
-माया एंजिलो


पैरालंपिक 2024 में भारत का बेहतरीन... 7 | भाजपा व कांग्रेस में बढ़ी... 3 | जाने वालों की बात का क्या बुरा... 2


# अमेरिका में राहुल के बयान के बाद भारत में मचा कोहराम

## नेता प्रतिपक्ष ने बेरोजगारी, भाजपा व आरएसएस पर उठाए सवाल

- **भाजपा बौखलाई बोली** -भारत को बदनाम करने के लिए विदेश यात्रा करते हैं राहुल
- **कांग्रेस बोली**- राहुल के विजन को चुनौती नहीं दे पार रहे पीएम मोदी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के अमेरिका के डलास स्थित टेक्सास विश्वविद्यालय में दिए गये बयान से भारत में सियासी कोहराम मच गया है। उनके बयान से सबसे ज्यादा एनडीए सरकार की सबसे बड़ी पार्टी बीजेपी बौखला गई है। दरअसल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने छात्रों से बातचीत की। उन्होंने बेरोजगारी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और बीजेपी को घेरा।


उन्होंने बातचीत के दौरान कहा कि भारत, अमेरिका और पश्चिम के अन्य देश बेरोजगारी की समस्या का सामना कर रहे हैं, जबकि चीन ऐसा नहीं कर रहा है। इस दौरान उन्होंने भारत में बेरोजगारी समेत कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की। राहुल गांधी के बेरोजगारी वाले बयान पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा, राहुल चीन के लिए बल्लेबाजी करने के लिए बहुत उत्सुक हैं और उन्हें भारत का अपमान करने की आदत है। दुनिया में 17 प्रतिशत युवा बेरोजगारी दर से अवगत हैं। वहीं कांग्रेस के ओवरसीज प्रमुख सैम पित्रोदा ने राहुल को पढ़ा लिखा नेता बताते हुए कहा कि उनके विजन ने मोदी सरकार की नींद उड़ा दी है। वहीं भाजपा नेता गिरिराज ने भी राहुल पर हमला बोला है।



### भारत को उत्पादन के कार्य और उत्पादन के आयोजन के बारे में सोचना होगा : राहुल

भारत को उत्पादन के कार्य और उत्पादन के आयोजन के बारे में सोचना होगा। जब तक हम ऐसा नहीं करते, हमें बेरोजगारी के उच्च स्तर का सामना करना पड़ेगा और स्पष्ट रूप से, यह टिकाऊ नहीं है। राहुल ने आगे कहा कि आप देखेंगे कि अगर हम मैनुफेक्चरिंग के बारे में भूलकर इस रास्ते पर चलते रहेंगे, तो आपको भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका में बड़ी सामाजिक समस्याएं आती हुई दिखाई देंगी।

### पप्पू नहीं हैं राहुल गांधी, बहुत पढ़े-लिखे हैं : सैम पित्रोदा



इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने कहा कि गांधीवादी विचार, समावेश और विविधता उनकी (पित्रोदा की) शिक्षा के मूल में थे। पचास के दशक की शुरुआत में स्कूल जाने पर गांधीवादी विचार हमारी शिक्षा का मूल थे। समावेशन और विविधता, केवल शब्द नहीं हैं, यह वही है जिसके साथ हम जीते हैं और जब मैं अपने समाज में बदलाव देखना शुरू करता हूं जो बुनियादी ढांचे पर हमला करता है तो मुझे चिंता होती है इसके बारे में। तो विचार... यह सुनिश्चित करना है कि हम जाति, धर्म, भाषा या राज्य के बावजूद अपने लोगों का सम्मान करें, हम सभी के लिए समान अवसर पैदा करें, हम श्रम को सम्मान प्रदान करें और यही मुद्दे हैं राहुल गांधी चैंपियन बनना और इससे मुझे बहुत खुशी होती है। कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने टेक्सास में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी के नेता राहुल गांधी का दृष्टिकोण भाजपा द्वारा प्रचारित किए जाने के विपरीत है और वह पप्पू नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा करोड़ों रुपये खर्च करके जिस चीज का प्रचार करती है, उनके पास (राहुल गांधी) दृष्टिकोण है।

### चीन के लिए बल्लेबाजी करते हैं राहुल : प्रदीप भंडारी



भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा, सवाल यह है क्या यह चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के साथ उनके समझौता ज्ञापन के कारण है कि वह हमेशा चीन के लिए बल्लेबाजी करते हैं और भारत के लिए नहीं? राहुल यहीं नहीं रुकते, वह भारतीय कानूनी प्रणाली पर हमला करते हैं सिर्फ इसलिए कि वह जमानत पर बाहर हैं। वह भारत में सामाजिक तनाव की भविष्यवाणी करते हैं, क्योंकि यह उनकी फूट डालो और राज करो की रणनीति है। राहुल के भाषण का सार यह है कि यह भारत के खिलाफ है, भारत की महिलाओं के खिलाफ है और यह वह सब कुछ है जो चीन या कोई अन्य शक्ति भारत में अपना एजेंडा आगे बढ़ाना चाहती है।

### देशद्रोही, आरएसएस को नहीं समझ सकता : गिरिराज सिंह



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर की गई टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सोमवार को कहा कि एक देशद्रोही आरएसएस को नहीं समझ सकता। अमेरिका में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत के दौरान राहुल गांधी ने अपनी पार्टी और आरएसएस के बीच वैचारिक विभाजन के बारे में बात की। केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता गिरिराज सिंह ने कहा, अगर उनकी दादी से आरएसएस की भूमिका के बारे में पूछने की कोई तकनीक है, तो उन्हें ऐसा करना चाहिए या इतिहास के पन्नों से सलाह लेनी चाहिए। आरएसएस को सही मायने में समझने के लिए राहुल गांधी को कई जन्मों की जरूरत होगी। देशद्रोही, आरएसएस को नहीं समझ सकता और जो लोग देश की आलोचना करने के लिए विदेश जाते हैं, वे इसके सार को नहीं समझ सकते।

# सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच पर उठाए सवाल

- नई स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के दिए निर्देश
- 17 सितम्बर को फिर होगी मामले पर बहस
- सीआईएसएफ को सुरक्षा उपकरण सौंपने के आदेश

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सीबीआई को कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की जांच पर नई स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। यह तब आया जब सीबीआई ने एक प्रारंभिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें संकेत दिया गया कि उसे जांच में सुराग मिले हैं।



मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि मामले पर मंगलवार (17 सितम्बर) को विचार करेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए सोमवार को सुनवाई की। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने 22 अगस्त को महिला चिकित्सक की अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज करने में देरी को लेकर कोलकाता पुलिस से नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने सीबीआई को जांच पर नई स्थिति रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। एसजी तुषार मेहता ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज में तैनात सुरक्षाकर्मियों से संबंधित मुद्दा उठाया। इस पर कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार के गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी को निर्देश दिया कि वे सीआईएसएफ की तीनों कंपनियों को आवास उपलब्ध कराएं। कोर्ट ने निर्देश दिया कि सीआईएसएफ को आवश्यक सभी उपकरण और सुरक्षा उपकरण आज ही सौंप दिए जाएं।

### दाखिल रिपोर्ट से प्रतीत होता है कि जांच जारी है : चंद्रचूड़



मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि सीबीआई द्वारा स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की गई है, ऐसा प्रतीत होता है कि जांच जारी है। हम सीबीआई को नई स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते है। हम इस पर मंगलवार को विचार करेंगे, सीबीआई कर रही है। हम इसकी जांच में सीबीआई का मार्गदर्शन नहीं करना चाहते। अदालत ने सीबीआई द्वारा स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के बलात्कार और हत्या मामले में अप्राकृतिक मौत की रिपोर्ट के समय पर भी स्पष्टीकरण मांगा।

### बंगाल सरकार ने स्थिति रिपोर्ट दाखिल की

पश्चिम बंगाल सरकार ने स्थिति रिपोर्ट दाखिल की है। इसमें बताया गया है कि जब डॉक्टर काम नहीं कर रहे थे, तब 23 लोगों की मौत हो गई। सुनवाई के बाद कोर्ट सीबीआई से नई स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने जांच एजेंसी को एक हफ्ते का समय दिया है। मामले की अगली सुनवाई 17 सितंबर को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने जानना चाहा कि क्या घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज सीबीआई को सौंपे गए थे।

### सिब्बल व मेहता ने रखी अपनी-अपनी दलील



वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पीठ को सूचित किया कि मृत्यु प्रमाण पत्र दोपहर 1:47 बजे जारी किया गया था, जबकि पुलिस ने 2:55 बजे अप्राकृतिक मौत की प्रविष्टि दर्ज की थी। हालाँकि, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इसका विरोध करते हुए कहा कि रिकॉर्ड के अनुसार, रिपोर्ट रात 11:30 बजे दायर की गई थी। सीबीआई ने जांच पर अपनी स्थिति रिपोर्ट पीठ को सौंपी। न्यायाधीशों ने सीलबंद लिफाफे में उन्हें सौंपी गई स्थिति रिपोर्ट की समीक्षा की। सिब्बल ने अदालत को यह भी बताया कि डॉक्टरों की हड़ताल के कारण 23 लोगों की मौत हो गई और राज्य स्वास्थ्य विभाग ने इस पर एक रिपोर्ट भी सौंपी।

# जाने वालों की बात का क्या बुरा मानना : अखिलेश यादव

» सीएम योगी का बिना नाम लिए साधा निशाना
» बोले- उनकी अपने दल में कोई सुनवाई ही नहीं

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सपा पर हमले का बिना नाम लिए जवाब दिया। उन्होंने एक्स के माध्यम से कहा कि जिनकी अपने दल में कोई सुनवाई नहीं, उनकी बातें कौन सुने। वैसे भी जाने वालों की बात का क्या बुरा मानना। अखिलेश यादव ने कहा कि जिनके शासन काल में महीनों आईपीएस फरार रहा हो, 15 लाख प्रतिदिन की कमाई वाले थानों की चर्चा हो, भाजपाई खुद ही पुलिस का अपहरण कर रहे हों और दंड संहिता की जगह बुलडोजर संहिता ने ले ली हो। वे मौन ही रहें तो बेहतर है।

एक अन्य पोस्ट में अखिलेश ने कहा कि यूपी की भाजपा सरकार के एक मंत्री द्वारा मेरठ में सेवानिवृत सैनिकों और गरीबों की जमीन कब्जा किये जाने की खबर शर्मनाक है। बस इतना पूछना है कि मुख्यमंत्री को इन भू-माफिया के बारे में कुछ भी पता है। उन्होंने कहा कि मेरठ में एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर शासन-प्रशासन की निष्क्रियता घोर निंदनीय है।



## फर्जी एनकाउंटरों से प्रदेश की छवि हो रही खराब

सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि फर्जी एनकाउंटरों की वजह से उत्तर प्रदेश की देश-दुनिया में बदनामी हो रही है। पुलिस हिरासत में मौतों के मामलों में भी उत्तर प्रदेश सबसे आगे हैं और उत्तर प्रदेश का नाम बदनाम हो रहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी भाजपा सरकार में सुखी नहीं है। व्यापारी और दुकानदार लूटे जा रहे हैं। दिनदहाड़े हत्याएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार निर्दोषों को झूठे केसों में फंसाती है। लोकसभा चुनावों में पराजय के बाद भी भाजपा कुप्रचार करने से बाज नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि पीडीए के माध्यम से सामाजिक न्याय की लड़ाई को भी अंतिम परिणाम तक पहुंचाने का लक्ष्य है। भाजपा लोकतंत्र और संविधान दोनों के लिए खतरा है। वह नफरत फैलाकर सामाजिक सद्भाव को तहस-नहस करने का इरादा रखती है।

## दुष्कर्म पीड़िता से मिलने पहुंचे सपा सांसद अवधेश प्रसाद



अयोध्या जिले के खंडासा थाना क्षेत्र के एक गांव में दुष्कर्म पीड़िता और उसके परिजनों से मिलने सपा सांसद अवधेश प्रसाद पहुंचे। पीड़ित परिवार ने सपा सांसद से मिलने से इंकार कर दिया। हालांकि सपा सांसद ने मौजूद ग्रामीणों को किशोरी व परिवार की सुरक्षा, मुवावजा और दोषियों पर कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। जब ग्रामीणों को जानकारी हुई कि पीड़ित परिवार से मिलने सपा सांसद पहुंचे हैं तो बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। वे सांसद से कहने लगे कि घटना के तीसरे दिन आप आ रहे हैं वह भी रात के अंधेरे में, पीछे से कुछ लोग यह भी कह रहे थे कि आप तो अयोध्या के राजा हैं, तब क्यों इतनी रात को मिलने आए हैं। ग्रामीणों से सांसद ने कहा कि हम पीड़ित के साथ खड़े हैं। सुरक्षा और मुआवजा दिलाएंगे। ग्रामीणों की ओर से कहा गया कि पीड़ित परिवार को आरोपियों के परिवार की ओर से मारने की धमकी दी जा रही है। इस पर सांसद ने कहा कि हम आ गए हैं, अब आप लोगों को कोई धमकी नहीं दे सकेगा।

# मंगेश एनकाउंटर का मामला लोस में उठाएगी कांग्रेस

» घर पहुंचे कांग्रेसी, परिजनों से बातकर जुटाई जानकारी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का संदेश लेकर कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव के नेतृत्व में पार्टी का प्रतिनिधि मंडल जौनपुर स्थित मंगेश यादव के घर पहुंचे। मंगेश की बहन और परिजनों से पूरे मामले की जानकारी ली। मनोज यादव ने बताया कि मामले की विस्तृत रिपोर्ट प्रदेश और राष्ट्रीय नेतृत्व को भेजी जाएगी। उन्होंने कहा, पार्टी इस मुद्दे को लोकसभा में उठाएगी।



कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने बताया कि मंगेश के पिता राकेश यादव और बहन प्रिंसी के बयान से साफ है कि पुलिस ने गरीब परिवार के 19 साल के युवक को घर से उठाकर ले गई थी। इस परिवार के पास रहने के लिए छप्पर मात्र है। दरअसल, राहुल गांधी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर सुल्तानपुर में सराफा लूटकांड के बाद मामले में आरोपी मंगेश यादव के एनकाउंटर पर सवाल उठाए थे। उन्होंने बयान जारी कर कहा था कि अब कौन जिएगा और कौन नहीं, इसका फैसला अदालत करेगी या पुलिस।

## कौन जिएगा इसका फैसला क्या पुलिस करेगी : राहुल



कांग्रेस के लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगेश यादव एनकाउंटर मामले में भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि सुल्तानपुर में हुए मंगेश यादव के एनकाउंटर ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भाजपा रूल आफ लॉ पर विश्वास ही नहीं करती है। मंगेश के परिवार के आंसू पूरे देश से सवाल पूछ रहे हैं - कौन जिएगा और कौन नहीं, इसका फैसला अदालत करेगी या पुलिस? कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लिखा कि भाजपा शासित राज्यों में 'कानून और संविधान' की धज्जियां वही उड़ा रहे हैं, जिनपर उनका पालन कराने की ज़िम्मेदारी है। एसटीएफ जैसी प्रोफेशनल फोर्स को भाजपा सरकार में 'आपराधिक गिरोह' की तरह चलाया जा रहा है, जिस पर केंद्र सरकार की चुप्पी इस 'ठोको नीति' पर उनकी स्पष्ट सहमति है। यूपी एसटीएफ के दर्जनों एनकाउंटर सवालों के घेरे में हैं। क्या आज तक उनमें से किसी भी अधिकारी पर कोई कार्रवाई हुई? आखिर कौन उन्हें बचा रहा है और क्यों? उन्होंने आगे लिखा कि कैमरों के आगे संविधान को माथे से लगाना सिर्फ ढोंग है, जब आपकी सरकारें ही उसकी खुलेआम धज्जियां उड़ा रही हों।

## एसटीएफ मुखिया को मिला एनकाउंटर का इनाम : मनोज

मनोज यादव ने सवाल उठाया कि क्या एसटीएफ टीम के मुखिया डीके शाही की पत्नी ऋतु शाही को महिला आयोग में सदस्य पद का इनाम मंगेश के एनकाउंटर के एवज में दिया गया है? उन्होंने यह भी सवाल उठाया है कि जिस आरोप में मंगेश का एनकाउंटर किया गया, उसी मामले में अन्य आरोपियों को क्यों छोड़ दिया गया?

# सीबीआई की दलील पर भड़की आप

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। सीबीआई अपने हालिया पूरक आरोप पत्र में आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शुरू से ही दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में आपराधिक साजिश में भागीदार थे।

इस पर आप ने दावा किया कि एजेंसी द्वारा अब तक भ्रष्टाचार का एक भी रुपया नहीं वसूला गया। मामले में पांचवें और अंतिम आरोप पत्र दाखिल करने के साथ अपनी जांच पूरी करते हुए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आरोप लगाया है कि केजरीवाल के पास पहले से ही उत्पाद शुल्क नीति का निजीकरण करने का पूर्व-कल्पित विचार था, जिसे आरोपों के बाद रद्द कर दिया गया था।

# केंद्र ने झारखंड को नहीं दिया महत्व : हेमंत सोरेन

» बोले- नीति-निर्माताओं की उदासीनता से पीछे रह गए मूलवासी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र की बीजेपी सरकार पर जोरदार हमला किया। सीएम ने आरोप लगाया कि राज्य के नीति निर्माताओं की उदासीनता ने स्थानीय आबादी को पिछड़ा बना दिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड को सोने की चिड़िया के नाम से जाना जाता था। यहां प्रचुर मात्रा में खनिज भंडार हैं, लेकिन स्थानीय आदिवासी और मूलवासी पीछे रह गए।

उन्होंने आरोप लगाया कि नीति निर्माताओं ने कभी भी झारखंड को महत्व नहीं दिया और स्थानीय लोगों को मजदूरों के रूप में काम करने के लिए छोड़ दिया, जिससे आजीविका की तलाश में वे पलायन करने को मजबूर हो गए।



सीएम ने दावा किया कि झारखंड का 1.36 लाख करोड़ रुपये अभी भी केंद्र के पास बकाया है। कहा, अगर हमें राशि मिल जाती तो हम राज्य की किस्मत और दिशा बदल देते। सीएम सोरेन रविवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी में एक कार्यक्रम में बोल रहे थे, जहां उन्होंने 201.83 करोड़ रुपये से अधिक की 96 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। लाभार्थियों के बीच 103.41 करोड़ रुपये की संपत्ति वितरित की। इससे पहले, उन्होंने 1980 में इसी दिन गुआ में बिहार पुलिस की गोलीबारी में मारे गए राज्य आंदोलनकारियों को समर्पित एक शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

गुआ गोलीबारी की घटना का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा, हम इस दिन को कभी नहीं भूले हैं, क्योंकि हमारे शहीद हमारे मार्गदर्शक रहे हैं और हम उनके नक्शेकदम पर चलते हुए सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हम अपने अधिकारों के लिए लड़ते रहेंगे।

## 'वोट के लिए चलाया गया आबकारी कांस्टेबल भर्ती अभियान'



विधानसभा चुनावों की तैयारियों का जायजा लेने रांची पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन ने पांच लाख नौकरियों का वादा किया था। वह समझ गए यह पूरा नहीं किया जा सकता। इसलिए चुनाव को देखते हुए उन्होंने युवाओं को 10 किमी तक दौड़ाया। इससे 12 युवाओं की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि 10 किलोमीटर की दौड़ कहीं नहीं हुई। शिवराज सिंह ने कहा कि बिना उचित व्यवस्था के हेमंत सोरेन सरकार ने वोट के लालच में युवाओं को गुमराह करने की साजिश रची। इसमें कई युवाओं की जान चली गई। चौहान ने आरोप लगाया कि सोरेन जानते थे कि इस वक्त भर्ती नहीं की जा सकती, चाहे कितने भी साक्षात्कार आयोजित कर लिए जाएं।

बामुलाहिजा
कार्टून: हसन जैदी




# भाजपा ने बृजभूषण शरण सिंह को लगाई फटकार

» कहा - विनेश फोगाट व बजरंग पुनिया पर बयानबाजी से बचें

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह को पहलवान विनेश फोगाट व बजरंग पूनिया के खिलाफ बयानबाजी से बचने की हिदायत दी है। पार्टी नेतृत्व को डर है कि इसका असर हरियाणा विधानसभा चुनाव पर पड़ सकता है।

पार्टी सूत्रों ने बताया, अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को इस संबंध में बृजभूषण से फोन पर बात की और हरियाणा चुनाव संपन्न होने तक इस



मुद्दे पर चुप रहने को कहा। बृजभूषण का बयान मुद्दा बन सकता है और पार्टी ऐसा नहीं चाहती। बृजभूषण विनेश व बजरंग के कांग्रेस में शामिल होने के बाद से ही हमलावर हैं। उन्होंने खुद पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों के लिए कांग्रेस नेता भूपेंद्र हुड्डा को जिम्मेदार ठहराया था।



# भाजपा व कांग्रेस में बढ़ी तकरार

## विपक्ष लगातार कर रहा बीजेपी और मोदी पर कटाक्ष

- हरियाणा व जम्मू-कश्मीर चुनाव पर संग्राम शुरू
- भारत जोड़ो यात्रा को दो साल हुए पूरे
- दो साल पूरे होने पर राहुल गांधी ने शेयर किया वीडियो
- पीएम मोदी, आरएसएस के बीच संबंधों में आई गिरावट

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नइ दिल्ली। हरियाणा व जम्मू-कश्मीर में चुनावी सरगर्मी में तेजी आ गई है। चारों ओर से विपक्ष के निशाने पर भाजपा है। सबसे ज्यादा विपक्ष के घेरे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। उनके ऊपर भागवत के बयान के बाद कांग्रेस ने हमला शुरू कर दिया। वहीं हरियाणा में पहलवान विनेश व बजरंग के राजनीति में आने के बाद से वहां पर सियासी घमासान मचा है तो जम्मू कश्मीर में भाजपा के घोषणा पत्र आने के बाद से बवाल जारी है। जहां विनेश व बजरंग के कांग्रेस में जाने पर भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण ने हमला बोलते हुए कहा पहलवानों को कांग्रेस अपने सियासी फायदे के लिए इस्तेमाल कर रही है। तो वहीं कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के भाजपा घोषणा पत्र पर बीजेपी से सवाल पूछा है।

इन सबके बीच कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा की दूसरी सालगिरह पर राहुल गांधी ने कहा कि इस यात्रा ने साबित कर दिया कि भारतीय स्वाभाविक रूप से प्रेम करने वाले लोग हैं। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान उन्होंने विविध पृष्ठभूमि के हजारों भारतीयों की बात सुनी और उनसे बहुत कुछ सीखा। उधर जयराम रमेश ने आगे केंद्र की मोदी 3.0 सरकार पर करारा वार किया। उन्होंने कहा कि हर बीतते सप्ताह के साथ इस सरकार की उम्र कम होती जा रही है। संघ प्रमुख मोहन भागवत, पुणे में शंकर दिनकर काणे (जिन्हें भैयाजी के नाम से भी जाना जाता है) के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। जिन्होंने मणिपुर में काम किया। 1971 तक बच्चों की शिक्षा पर काम किया, छात्रों को महाराष्ट्र लाए और उनके ठहरने की व्यवस्था की। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट में दावा किया कि 4 जून, 2024 के बाद से नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री और आरएसएस के बीच संबंधों में गिरावट आई है। उनके बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। आज पुणे में एक कार्यक्रम में संघप्रमुख मोहन भागवत ने परमात्मा के अवतार वाले प्रधानमंत्री के दावे को लेकर उनपर निशाना साधते हुए कहा, हम भगवान बनेंगे या नहीं, इसका फैसला लोग करेंगे। हमें यह प्रचार नहीं करना चाहिए कि हम भगवान बन गए हैं।



### कांग्रेस में शामिल होते ही बजरंग को बड़ी जिम्मेदारी किसान कांग्रेस के वर्किंग चेयरमैन बने



ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया को कांग्रेस में शामिल होते ही बड़ी जिम्मेदारी मिल गई है। कांग्रेस पार्टी ने उन्हें ऑल इंडिया किसान कांग्रेस का वर्किंग चेयरमैन नियुक्त कर दिया है। कांग्रेस पार्टी की तरफ से इसकी जानकारी दी गई। पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल के पत्र में बताया गया कि माननीय कांग्रेस अध्यक्ष ने बजरंग पूनिया को ऑल इंडिया किसान कांग्रेस का वर्किंग चेयरमैन बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। यह तुरंत प्रभाव से लागू होगा। पार्टी की तरफ से नई जिम्मेदारी मिलने पर बजरंग पूनिया ने पार्टी का आभार व्यक्त किया। बजरंग ने ट्वीट में लिखा, मैं हमारे अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, नेता विपक्ष राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल का धन्यवाद करना चाहूंगा। बजरंग ने आगे लिखा कि जो मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी, मैं संकट से जूझ रहे किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनके संघर्षों का साथी बनने की कोशिश करूंगा और संगठन का सच्चा सिपाही बनकर काम करुंगा।

### सरकार की उम्र कम होती जा रही : जयराम



कांग्रेस ने केंद्र में सत्तारूढ़ बीजेपी पर करारा तंज कसा। पार्टी की ओर से जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बीच संबंधों में गिरावट आई है। विपक्षी दल के नेता ने यह भी दावा किया कि हर बीतते सप्ताह के साथ इस सरकार की उम्र कम होती जा रही है। जयराम रमेश ने अपनी पोस्ट में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत की कुछ टिप्पणियों को भी मेंशन किया है। साथ ही कांग्रेस नेता एक मीडिया रिपोर्ट को टैग करते अपनी बात रखी है।

### यूपी में भाजपा की चाल की काट सपा ने निकाली

सीसामऊ सीट पर उपचुनाव को लेकर भाजपा की चुनावी चालों के जवाब में समाजवादी पार्टी ने इंतजार की ढाल अड़ा दी है। लगातार बैठक और नेताओं के दौरे से माहौल बनाने में जुटी भाजपा के मुकाबले सपा ने सुस्ती की चाल पकड़ रखी है। चुनाव प्रभारी के दो दौरों के बावजूद अभी तक मतदाता सूची तैयार करने वाली सपा की टीम भी तैयार नहीं हो सकी है।सपा की चुनावी तैयारी अभी तक बैठकों तक ही सीमित दिखाई दे रही है। पार्टी के चुनाव प्रभारी व पूर्व मंत्री राजेंद्र कुमार के साथ सपा ने कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कर चुनावी माहौल का संदेश देने की कोशिश की, लेकिन अभी तक मतदान केंद्र वार चुनावी तैयारी शुरू नहीं हो सकी है। दूसरी ओर भाजपा ने अपने नेताओं के दौरे कराने के साथ ही बूथ स्तरीय मैनेजमेंट शुरू कर दिया है। इधर, कांग्रेस के स्थानीय नेता भी पार्टी की दावेदारी का माहौल बना रहे हैं। हालांकि, सपा महानगर अध्यक्ष फजल महमूद कांग्रेस की




दावेदारी को सिरे से खारिज करते हैं। उनका कहना है कि सपा और कांग्रेस ने बड़े लक्ष्य को सामने रखकर गठबंधन किया है। कानपुर की लोकसभा सीट को कांग्रेस के खाते में दिया गया। अब सीसामऊ सीट पर सपा का चुनाव लड़ना तय है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने भी साफ कह दिया है कि सपा ही इस सीट पर चुनाव लड़ेगी। सीसामऊ सीट पर चुनावी तैयारी चल रही है। हमारा काम जमीनी स्तर पर हो रहा है। अभी हम लोग भाजपा की चालों को देख रहे हैं।

## यात्रा से बहुत कुछ सीखने को मिला : राहुल गांधी

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे सालगिरह पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि इस यात्रा ने साबित कर दिया कि भारतीय स्वाभाविक रूप से प्रेम करने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा कि हमारा मिशन यह था कि देश के हर कोने में प्यार की आवाज सुनाई दे। राहुल गांधी ने एक्स पर ट्वीट करते हुए बताया कि भारत जोड़ो यात्रा ने मुझे मौन की सुंदरता सिखाई। भीड़ की जयकारों और नारों के बीच, मैंने शोर को दूर करने और अपने बगल वाले व्यक्ति पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करने की शक्ति की खोज की। उन 145 दिनों में और उसके बाद के दो वर्षों में मैंने विविध पृष्ठभूमि के हजारों भारतीयों की बात सुनी है। प्रत्येक आवाज में ज्ञान था जिसने मुझे कुछ नया सिखाया और प्रत्येक ने हमारी प्यारी भारत माता का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने कहा कि यात्रा ने साबित कर दिया कि भारतीय स्वाभाविक रूप से प्रेम करने वाले लोग हैं।



### 7 सितंबर 2022 को शुरू की थी भारत जोड़ो यात्रा

उन्होंने आगे लिखा कि जब मैंने यह यात्रा शुरू की थी तो मैंने कहा था कि प्यार नफरत को जीतेगा और उम्मीद डर को हराएगी, आज हमारा मिशन वही है - यह सुनिश्चित करना कि भारत माता की आवाज, प्यार की आवाज हमारे प्यारे देश के हर कोने में सुनाई दे। बता दें कि राहुल गांधी ने 7 सितंबर, 2022 को कन्याकुमारी से भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी। 145 दिनों की इस महत्वाकांक्षी यात्रा का समापन 30 जनवरी, 2023 को श्रीनगर में हुआ था। इस यात्रा के दौरान, राहुल गांधी ने 12 जनसभाओं, 100 से अधिक नुक्कड़ सभाओं और 13 प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने 275 से अधिक नियोजित पैदल बातचीत और 100 से अधिक बैठकें कीं। 4,000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करके, राहुल गांधी ने अपने समर्थकों और आलोचकों का ध्यान आकर्षित किया।

### भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए ये दिग्गज

इस यात्रा में विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने भाग लिया, जिनमें फिल्म और टीवी हस्तियां जैसे कमल हासन, पूजा भट्ट, रिया सेन, स्वरा भास्कर, रश्मि देसाई, आकांक्षा पुरी और अमोल पालेकर शामिल थे। इसके अलावा, लेखकों और सैन्य दिग्गजों, जिनमें पूर्व सेना प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) दीपक कपूर और पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल (सेवानिवृत्त) एल रामदास, और आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन और पूर्व वित्त सचिव अरविंद मायाराम जैसे प्रख्यात लोग भी इस यात्रा में शामिल हुए। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता सुप्रिया सुले, नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की महबूबा मुफ्ती, शिवसेना (यूबीटी) नेताओं आदित्य ठाकरे, प्रियंका चतुर्वेदी और संजय राउत जैसे विपक्षी नेताओं ने भी इस यात्रा के दौरान राहुल गांधी के साथ कदमताल किया।

# भाजपा व कांग्रेस में बढ़ी तकरार

## विपक्ष लगातार कर रहा बीजेपी और मोदी पर कटाक्ष

- हरियाणा व जम्मू-कश्मीर चुनाव पर संग्राम शुरू
- भारत जोड़ो यात्रा को दो साल हुए पूरे
- दो साल पूरे होने पर राहुल गांधी ने शेयर किया वीडियो
- पीएम मोदी, आरएसएस के बीच संबंधों में आई गिरावट

4पीएम न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली। हरियाणा व जम्मू-कश्मीर में चुनावी सरगर्मी में तेजी आ गई है। चारों ओर से विपक्ष के निशाने पर भाजपा है। सबसे ज्यादा विपक्ष के घेरे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। उनके ऊपर भागवत के बयान के बाद कांग्रेस ने हमला शुरू कर दिया। वहीं हरियाणा में पहलवान विनेश व बजरंग के राजनीति में आने के बाद से वहां पर सियासी घमासान मचा है तो जम्मू कश्मीर में भाजपा के घोषणा पत्र आने के बाद से बवाल जारी है। जहां विनेश व बजरंग के कांग्रेस में जाने पर भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण ने हमला बोलते हुए कहा पहलवानों को कांग्रेस अपने सियासी फायदे के लिए इस्तेमाल कर रही है। तो वहीं कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के भाजपा घोषणा पत्र पर बीजेपी से सवाल पूछा है।

इन सबके बीच कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा की दूसरी सालगिरह पर राहुल गांधी ने कहा कि इस यात्रा ने साबित कर दिया कि भारतीय स्वाभाविक रूप से प्रेम करने वाले लोग हैं। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान उन्होंने विविध पृष्ठभूमि के हजारों भारतीयों की बात सुनी और उनसे बहुत कुछ सीखा। उधर जयराम रमेश ने आगे केंद्र की मोदी 3.0 सरकार पर करारा वार किया। उन्होंने कहा कि हर बीतते सप्ताह के साथ इस सरकार की उम्र कम होती जा रही है। संघ प्रमुख मोहन भागवत, पुणे में शंकर दिनकर काणे (जिन्हें भैयाजी के नाम से भी जाना जाता है) के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। जिन्होंने मणिपुर में काम किया। 1971 तक बच्चों की शिक्षा पर काम किया, छात्रों को महाराष्ट्र लाए और उनके ठहरने की व्यवस्था की। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट में दावा किया कि 4 जून, 2024 के बाद से नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री और आरएसएस के बीच संबंधों में गिरावट आई है। उनके बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। आज पुणे में एक कार्यक्रम में संघप्रमुख मोहन भागवत ने परमात्मा के अवतार वाले प्रधानमंत्री के दावे को लेकर उनपर निशाना साधते हुए कहा, हम भगवान बनेंगे या नहीं, इसका फैसला लोग करेंगे। हमें यह प्रचार नहीं करना चाहिए कि हम भगवान बन गए हैं।



### कांग्रेस में शामिल होते ही बजरंग को बड़ी जिम्मेदारी किसान कांग्रेस के वर्किंग चेयरमैन बने



ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया को कांग्रेस में शामिल होते ही बड़ी जिम्मेदारी मिल गई है। कांग्रेस पार्टी ने उन्हें ऑल इंडिया किसान कांग्रेस का वर्किंग चेयरमैन नियुक्त कर दिया है। कांग्रेस पार्टी की तरफ से इसकी जानकारी दी गई। पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल के पत्र में बताया गया कि माननीय कांग्रेस अध्यक्ष ने बजरंग पूनिया को ऑल इंडिया किसान कांग्रेस का वर्किंग चेयरमैन बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। यह तुरंत प्रभाव से लागू होगा। पार्टी की तरफ से नई जिम्मेदारी मिलने पर बजरंग पूनिया ने पार्टी का आभार व्यक्त किया। बजरंग ने ट्वीट में लिखा, मैं हमारे अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, नेता विपक्ष राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल का धन्यवाद करना चाहूंगा। बजरंग ने आगे लिखा कि जो मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी, मैं संकट से जूझ रहे किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनके संघर्षों का साथी बनने की कोशिश करूंगा और संगठन का सच्चा सिपाही बनकर काम करुंगा।

### सरकार की उम्र कम होती जा रही : जयराम



कांग्रेस ने केंद्र में सत्तारूढ़ बीजेपी पर करारा तंज कसा। पार्टी की ओर से जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बीच संबंधों में गिरावट आई है। विपक्षी दल के नेता ने यह भी दावा किया कि हर बीतते सप्ताह के साथ इस सरकार की उम्र कम होती जा रही है। जयराम रमेश ने अपनी पोस्ट में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत की कुछ टिप्पणियों को भी मेंशन किया है। साथ ही कांग्रेस नेता एक मीडिया रिपोर्ट को टैग करते अपनी बात रखी है।

### यूपी में भाजपा की चाल की काट सपा ने निकाली




सीसामऊ सीट पर उपचुनाव को लेकर भाजपा की चुनावी चालों के जवाब में समाजवादी पार्टी ने इंतजार की ढाल अड़ा दी है। लगातार बैठक और नेताओं के दौरे से माहौल बनाने में जुटी भाजपा के मुकाबले सपा ने सुस्ती की चाल पकड़ रखी है। चुनाव प्रभारी के दो दौरों के बावजूद अभी तक मतदाता सूची तैयार करने वाली सपा की टीम भी तैयार नहीं हो सकी है।सपा की चुनावी तैयारी अभी तक बैठकों तक ही सीमित दिखाई दे रही है। पार्टी के चुनाव प्रभारी व पूर्व मंत्री राजेंद्र कुमार के साथ सपा ने कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कर चुनावी माहौल का संदेश देने की कोशिश की, लेकिन अभी तक मतदान केंद्र वार चुनावी तैयारी शुरू नहीं हो सकी है। दूसरी ओर भाजपा ने अपने नेताओं के दौरे कराने के साथ ही बूथ स्तरीय मैनेजमेंट शुरू कर दिया है। इधर, कांग्रेस के स्थानीय नेता भी पार्टी की दावेदारी का माहौल बना रहे हैं। हालांकि, सपा महानगर अध्यक्ष फजल महमूद कांग्रेस की दावेदारी को सिरे से खारिज करते हैं। उनका कहना है कि सपा और कांग्रेस ने बड़े लक्ष्य को सामने रखकर गठबंधन किया है। कानपुर की लोकसभा सीट को कांग्रेस के खाते में दिया गया। अब सीसामऊ सीट पर सपा का चुनाव लड़ना तय है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने भी साफ कह दिया है कि सपा ही इस सीट पर चुनाव लड़ेगी। सीसामऊ सीट पर चुनावी तैयारी चल रही है। हमारा काम जमीनी स्तर पर हो रहा है। अभी हम लोग भाजपा की चालों को देख रहे हैं।

## यात्रा से बहुत कुछ सीखने को मिला : राहुल गांधी

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे सालगिरह पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि इस यात्रा ने साबित कर दिया कि भारतीय स्वाभाविक रूप से प्रेम करने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा कि हमारा मिशन यह था कि देश के हर कोने में प्यार की आवाज सुनाई दे। राहुल गांधी ने एक्स पर ट्वीट करते हुए बताया कि भारत जोड़ो यात्रा ने मुझे मौन की सुंदरता सिखाई। भीड़ की जयकारों और नारों के बीच, मैंने शोर को दूर करने और अपने बगल वाले व्यक्ति पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करने की शक्ति की खोज की। उन 145 दिनों में और उसके बाद के दो वर्षों में मैंने विविध पृष्ठभूमि के हजारों भारतीयों की बात सुनी है। प्रत्येक आवाज में ज्ञान था जिसने मुझे कुछ नया सिखाया और प्रत्येक ने हमारी प्यारी भारत माता का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने कहा कि यात्रा ने साबित कर दिया कि भारतीय स्वाभाविक रूप से प्रेम करने वाले लोग हैं।



### 7 सितंबर 2022 को शुरू की थी भारत जोड़ो यात्रा

उन्होंने आगे लिखा कि जब मैंने यह यात्रा शुरू की थी तो मैंने कहा था कि प्यार नफरत को जीतेगा और उम्मीद डर को हराएगी, आज हमारा मिशन वही है - यह सुनिश्चित करना कि भारत माता की आवाज, प्यार की आवाज हमारे प्यारे देश के हर कोने में सुनाई दे। बता दें कि राहुल गांधी ने 7 सितंबर, 2022 को कन्याकुमारी से भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी। 145 दिनों की इस महत्वाकांक्षी यात्रा का समापन 30 जनवरी, 2023 को श्रीनगर में हुआ था। इस यात्रा के दौरान, राहुल गांधी ने 12 जनसभाओं, 100 से अधिक नुक्कड़ सभाओं और 13 प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने 275 से अधिक नियोजित पैदल बातचीत और 100 से अधिक बैठकें कीं। 4,000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करके, राहुल गांधी ने अपने समर्थकों और आलोचकों का ध्यान आकर्षित किया।

### भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए ये दिग्गज

इस यात्रा में विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने भाग लिया, जिनमें फिल्म और टीवी हस्तियां जैसे कमल हासन, पूजा भट्ट, रिया सेन, स्वरा भास्कर, रश्मि देसाई, आकांक्षा पुरी और अमोल पालेकर शामिल थे। इसके अलावा, लेखकों और सैन्य दिग्गजों, जिनमें पूर्व सेना प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) दीपक कपूर और पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल (सेवानिवृत्त) एल रामदास, और आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन और पूर्व वित्त सचिव अरविंद मायाराम जैसे प्रख्यात लोग भी इस यात्रा में शामिल हुए। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता सुप्रिया सुले, नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की महबूबा मुफ्ती, शिवसेना (यूबीटी) नेताओं आदित्य ठाकरे, प्रियंका चतुर्वेदी और संजय राउत जैसे विपक्षी नेताओं ने भी इस यात्रा के दौरान राहुल गांधी के साथ कदमताल किया।



## आलू से बना फेस स्क्रब

आलू से तैयार स्क्रब डेड सेल्स स्किन को भी हटाते हैं। यदि आपकी त्वचा डल, मुरझाई सी नजर आती है तो आलू का इस्तेमाल जरूर करें। आप स्क्रब बनाने के लिए एक मीडियम साइज आलू को कद्दू कस कर लें। इसमें एक चम्मच दूध, एक बड़ा चम्मच ओट्स मिक्स करें और अच्छी तरह से चेहरे पर लगाकर हल्के हाथों से स्क्रब करें। दूध में मौजूद लैक्टिक एसिड एक्सफोलिएशन की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाता है। 5 मिनट तक चेहरे को स्क्रब करने के बाद चेहरे को पानी से साफ कर लें। चेहरे पर जमी गंदगी, मृत त्वचा कोशिका निकल जाएगी। स्किन को छूने पर सॉफ्ट और स्मूद अहसास होगा।

## बढ़ती झुर्रियों को रोके

आलू के रस में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो त्वचा को ताजगी देते हैं और झुर्रियों को कम कर सकते हैं। ऐसे में आप चाहें तो नियमित रूप से इसका इस्तेमाल करें।

## बढ़ेगी त्वचा की चमक

आलू का रस त्वचा की रंगत को सुधारने में मदद करता है और चेहरे पर प्राकृतिक चमक बरकरार रखने में मदद करता है। आलू में मौजूद एंजाइम और विटामिन C त्वचा के दाग-धब्बों और पिगमेंटेशन को कम करने में मदद करते हैं। इससे भी आपकी त्वचा दमकने लगती है। आलू में मौजूद एंजाइम और विटामिन C त्वचा के दाग-धब्बों और पिगमेंटेशन को कम करने में मदद करते हैं। इससे आपकी त्वचा में निखार आता है।



## ऐसे करें प्रयोग

इसके लिए सबसे पहले आलू को अच्छे से धोकर छील लें। फिर उसे कद्दूकस करके उसका रस निकालें। अब आप इसे छानकर साफ रस को एक कटोरी में अलग रख सकते हैं। आलू के रस को एक साफ कपड़े या रूई से चेहरे पर लगाएं। आप इसे पूरे चेहरे लगा सकते हैं। इसे 10-15 मिनट तक सूखने दें और फिर चेहरे को सादे पानी से धो लें। चेहरे को ठंडे पानी से धोने के बाद तौलिए से थपथपा कर सुखा लें। ये आपकी त्वचा को काफी फायदा पहुंचाएगा।

# त्वचा के लिए वरदान है आलू का रस



मानसून की शुरुआत हो गई है, ऐसे में त्वचा का ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। अगर आप अपनी त्वचा का ध्यान सही से नहीं रखेंगे तो इससे कई तरीके की परेशानियां उत्पन्न होती हैं। इस मौसम में चिपचिपेपन की वजह से चेहरे पर मुंहासे, एक्ने और अन्य परेशानियां भी पैदा होने लगती हैं। वैसे तो बाजार में आपको कई तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट्स मिल जाएंगे जो त्वचा को सही करने का काम करते हैं लेकिन बहुत से लोगों को इन प्रोडक्ट्स पर भरोसा नहीं होता। ऐसे में आप घरेलू नुस्खे अपना सकते हैं। अगर आप दमकती त्वचा पाना चाहते हैं तो आलू के रस का इस्तेमाल भी स्किन केयर में कर सकते हैं। आलू के रस के इस्तेमाल से आपको कई परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। उसके साथ ही इसका इस्तेमाल करना काफी सरल भी है।

## चेहरे पर लगाएं आलू का रस

आलू में मौजूद पोटैशियम स्किन के दाग-धब्बों, पिगमेंटेशन का कम करने में बेहद कारगर है। आलू का रस त्वचा पर लागने से टैनिंग, डार्क स्पॉट कम होते हैं। इसके रस में मौजूद विटामिन बी6 एजिंग की समस्या से भी बचाए। यदि आप आलू का रस सप्ताह में 3 से 4 बार लगाएं तो फाइन लाइंस, झुर्रियां, झाइयां, बढ़ती उम्र का असर कम हो जाता है. स्किन पर गजब की निखार आती है। लंबी उम्र तक आप यंग नजर आ सकते हैं।





## हंसना मना है

दो महिलाएं एक फंक्शन में गईं। वहां पहली महिला जिस भी जगह बैठने लगती है तो दुसरी महिला उसकी बैठने की जगह को अपने दुपट्टे से साफ कर देती है। तकरीबन पांच-दस बार ऐसा हुआ। तब किसी ने दूसरी महिला से पूछा कि तू खुद की बजाय, इस औरत की जगह क्यों साफ कर रही है? तो वो महिला बोली, क्या करूं बहना? ये मेरी जेठानी है! और ये आज मेरी साड़ी पहन कर.. आई है।

गांव में आधार कार्ड बन रहा था। कम्प्यूटर ऑपरेटर ने एक महिला से पूछा- तुम्हारे घरवाले का क्या नाम है? ये कॉलम भरना है। महिला बोली— हमारे यहां घरवाले का नाम नहीं लिया जाता। ऑपरेटर- कुछ हिंट दो मैं भर देता हूं। महिला बोली— 3 गंजी 3 गंजी। ऑपरेटर चकरा गया। तभी बगल में खड़ा एक लड़का बोला— छगनजी?

नर्सों की नियुक्ति के इंटरव्यू में पूछा गया- 'जुड़वां बच्चे किस वजह से पैदा होते हैं?' 'उसी वजह से, जिस से एक बच्चा पैदा होता है।' एक उम्मीदवार ने उत्तर दिया।

प्रेमिका-'मेरी बड़ी इच्छा है कि अगले जन्म में मैं चांद बनूं तुम्हारी। प्रेमी-'और मैं इस चंद्रमा पर उतरने वाला प्रथम अंतरिक्ष यात्री।

## कहानी | एक क्रिया और सात्विक प्रतिक्रिया

किसी गांव में दो साधू रहते थे। वे दिन भर भीख मांगते और मंदिर में पूजा करते थे। एक दिन गांव में आंधी आ गयी और बहुत जोरों की बारिश होने लगी। दोनों साधू गांव की सीमा से लगी एक झोपड़ी में निवास करते थे, शाम को जब दोनों वापस पहुंचे तो देखा कि आंधी-तूफान के कारण उनकी आधी झोपडी टूट गई है। यह देखकर पहला साधू क्रोधित हो उठता है और बुदबुदाने लगता है। भगवान तू मेरे साथ हमेशा ही गलत करता है... मैं दिन भर तेरा नाम लेता हूं, मंदिर में तेरी पूजा करता हूं फिर भी तूने मेरी झोपडी तोड़ दी... गांव में चोर-लुटेरे झूठे लोगों के तो मकानों को कुछ नहीं हुआ, बिचारे हम साधुओं की झोपडी ही तूने तोड़ दी ये तेरा ही काम है। हम तेरा नाम जपते हैं पर तू हमसे प्रेम नहीं करता... तभी दूसरा साधू आता है और झोपड़ी को देखकर खुश हो जाता है... नाचने लगता है और कहता है भगवान् आज विश्वास हो गया तू हमसे कितना प्रेम करता है ये हमारी आधी झोपड़ी तूने ही बचाई होगी... वर्ना इतनी तेज आंधी-तूफान में तो पूरी झोपड़ी ही उड़ जाती ये तेरी ही कृपा है कि अभी भी हमारे पास सर ढंकने को जगह है... निश्चित ही ये मेरी पूजा का फल है, कल से मैं तेरी और पूजा करूंगा, मेरा तुझपर विश्वास अब और भी बढ़ गया है... तेरी जय हो! **कहानी से सीख**- एक ही घटना को एक ही जैसे दो लोगों ने कितने अलग-अलग ढंग से देखा.. हमारी सोच हमारा भविष्य तय करती हैं, हमारी दुनिया तभी बदलेगी जब हमारी सोच बदलेगी। यदि हमारी सोच पहले वाले साधू की तरह होगी तो हमें हर चीज में कमी ही नजर आएगी और अगर दूसरे साधु की तरह होगी तो हमें हर चीज में अच्छाई दिखेगी। अतः हमें दूसरे साधू की तरह विकट से विकट परिस्थिति में भी अपनी सोच सकारात्मक बनाये रखनी चाहिए।

## 7 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष**



आज व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। घर में तनाव रहेगा। पार्टनरों से मतभेद व कहासुनी हो सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। नकारात्मकता बढ़ेगी।

**तुला**



व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। किसी बड़े काम को करने का मन बनेगा। जल्दबाजी न करें। नए मित्र बनेंगे। अच्छे समाचार मिलेंगे।

**वृषभ**



व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। सभी कार्य समय पर होंगे। निवेश शुभ रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक**



आज कारोबार में वृद्धि होगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। बेरोजगारी दूर होगी। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। निवेश शुभ रहेगा। भाग्य की अनुकूलता रहेगी।

**मिथुन**



स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी। कोई बड़ा सौदा हो सकता है। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। घर-बाहर सभी तरफ से सहयोग प्राप्त होगा।

**धनु**



जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। चिंता तथा तनाव दूर होंगे। पैसे के लेन-देन में जल्दबाजी व लापरवाही न करें। धनहानि हो सकती है। विवाद से बचें।

**कर्क**



रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। कारोबारी व्यस्तता रहेगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। घर-परिवार की चिंता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। प्रभावशाली व्यक्तियों से परिचय होगा।

**मकर**



नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। रोजगार में वृद्धि होगी। आय बढ़ेगी। रुका हुआ धन मिलने के योग हैं, प्रयास करते रहें। यात्रा लाभदायक रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा।

**सिंह**



कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। आय बनी रहेगी। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। मेहनत अधिक होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुम्भ**



रोजगार में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त हो सकता है। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। नए काम मिल सकते हैं। बाहर जाने का मन बनेगा।

**कन्या**



निवेश शुभ रहेगा। मेहनत का फल प्राप्त होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**मीन**



धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। चारों दिशाओं से सफलता प्राप्त होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।


बॉलीवुड | मन की बात

# हमारी हिंदी फिल्में जो दिया करती थीं वो अब साउथ में आती हैं : सलीम



सलीम खान और जावेद अख्तर ने बॉलीवुड में कुछ सबसे प्रतिष्ठित और ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। ये वो जोड़ी थी जिसने सितारों से ज्यादा फीस ली और अमिताभ बच्चन को सुपरस्टार बना दिया। हालांकि, इन दिनों साउथ की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर बॉलीवुड से बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। इसी को लेकर सलीम ने अपने विचार साझा किए हैं, साथ ही इसके पीछे का कारण भी बताया है। सलीम खान ने इस बात पर अपनी राय साझा की कि दर्शक अब देश के साउथ हिस्से में बनी मनोरंजक फिल्मों की ओर क्यों बढ़ रहे हैं। उन्होंने समझाया, उसकी वजह ये है कि पहले हमारी फिल्मों के अंदर उनको (दर्शकों को) एक्शन बहुत अच्छा मिलता था और हमारे पिक्चर के अंदर उनको डांस, गाने, हीरोइन बहुत खूबसूरत दिखने वाली मिलती थीं जैसे कि श्रीदेवी और बाकी सब। सलीम खान ने आगे कहा, आज ये हो गया है कि वो जो हम दिया करते थे, हमारी हिंदी फिल्में जो दिया करती थीं वो अब साउथ में आती हैं। उसमें बहुत अच्छा एक्शन होता है, उसमें हीरोइन नई आती है, और बहुत अच्छा परफॉर्मेंस होता है। तो वो जो है एक विकल्प मिल गया है उनको और अच्छा मिल गया है। सारी चीज हमसे बेहतर है। अच्छा एंटरटेनमेंट मिलेगा तो जाएंगे ही। सलीम खान ने एसएस राजामौली के निर्देशन में बनी ऑस्कर विनिंग फिल्म आरआरआर की प्रशंसा की। उन्होंने स्वीकार किया कि फिल्म के व्यापक प्रचार ने इसकी सफलता में योगदान दिया, दर्शकों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और इसे एक बेहतरीन फिल्म बताया। जानकारी हो कि इसमें राम चरण और जूनियर एनटीआर मुख्य भूमिका में हैं। साथ ही इसमें अजय देवगन और आलिया भट्ट भी कैमियो भूमिका में हैं।

# अजय देवगन की फिल्म दे दे प्यार दे-2 की पुन: पंजाब में होगी शूटिंग



अजय देवगन अब निर्देशक लव रंजन और निर्माता भूषण कुमार के साथ 2019 की ब्लॉकबस्टर फिल्म दे दे प्यार दे के बहुप्रतीक्षित सीक्वल दे दे प्यार दे-2 के लिए फिर से काम कर रहे हैं। फिल्म को लेकर लोगों की बीच जबर्दस्त उत्साह बना हुआ है। प्रशंसक फिल्म से जुड़ी छोटी से छोटी जानकारी पाने के लिए उत्सुक है। इस बीच अब फिल्म को लेकर नई जानकारी सामने आ गई है, जो इसकी शूटिंग से जुड़ी हुई है। अभिनेता अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह दे दे प्यार दे के बहुप्रतीक्षित सीक्वल दे दे प्यार दे-2 में फिर से साथ काम करने के लिए तैयार हैं। इस किस्त में तब्बू की वापसी नहीं होगी, लेकिन देवगन और सिंह पहली फिल्म से अपनी भूमिकाएं फिर से निभाएंगे। सीक्वल की अगली शूटिंग पंजाब में होगी।

एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि फिल्म का पहला शूट शेड्यूल मुंबई में था, लेकिन फिर अजय देवगन को यूके में सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग के लिए जाना पड़ा। वहीं यह भी बताया गया है कि अभिनेत्री तब्बू सीक्वल का हिस्सा नहीं होंगी, जिन्होंने पहली फिल्म में अजय की पत्नी का किरदार निभाया था। वहीं, आर माधवन, रकुल और अजय कुछ समय के लिए सितंबर में पंजाब में शूटिंग करेंगे। साथ ही बताया गया है कि वे अक्टूबर में फिर से अगले शेड्यूल की शूटिंग के लिए बॉम्बे वापस आएंगे।

रिपोर्ट्स के अनुसार, पंजाब में शूटिंग शेड्यूल सितंबर के मध्य में शुरू होने की उम्मीद है और यह लगभग 15-20 दिनों तक चलेगा। बताया गया कि वे साल के अंत तक फिल्म की शूटिंग पूरी करना चाहते हैं, ताकि फिल्म पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में प्रवेश कर सके और अगले साल मई तक रिलीज हो सके। सीक्वल में आर माधवन सिंह के पिता की भूमिका निभाएंगे और उनके किरदार और अजय के किरदार आशीष के बीच हंसी मजाक वाली बातचीत होगी।

दावा किया गया है कि निर्माता इस फिल्म के लिए पंजाब में पारंपरिक और घरेलू सेटिंग पर जोर देने की योजना बना रहे हैं। राज्य में कुछ भी रोमांटिक शूट नहीं किया जाएगा। शूटिंग ज्यादातर बंगले और खेत के अंदर की जाएगी, इसलिए तैयारी तेजी से चल रही है। इसका उद्देश्य घर के पारिवारिक दृश्यों और खेतों की खूबसूरती को कैद करना है। पहली फिल्म का निर्देशन आकिव अली ने किया था, जबकि सीक्वल का निर्देशन अंशुल शर्मा करेंगे। वहीं फिल्म में दर्शकों के लिए कलाकारों में एक सरप्राइज पैकेज होगा, जो एक कैमियो का संकेत देता है, जिसका खुलासा अभी तक नहीं किया गया है।

# काल मी बे को लेकर काफी उत्साहित हैं अनन्या पांडेय

बॉलीवुड | गपशप



अनन्या पांडे ओटीटी पर डेब्यू कर चुकी हैं। उनकी सीरीज कॉल मी बे प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। अनन्या जल्द ही फिल्म सीटीआरएल में भी नजर आने वाली हैं, जिसका निर्देशन विक्रमादित्य मोटवानी ने किया है। अनन्या इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं और इसकी रिलीज से पहले उन्होंने विक्रमादित्य के साथ काम करने को लेकर कुछ बातें साझा की हैं। अनन्या पांडे ने पीटीआई से बात करते हुए कहा कि वो विक्रमादित्य मोटवानी की उड़ान फिल्म देखने के बाद से ही उनकी फैन हैं और जब मोटवानी ने अपनी फिल्म सीटीआरएल में काम करने के लिए उनसे संपर्क किया तो उन्हें भरोसा ही नहीं हो रहा था। बता दें कि विक्रमादित्य उड़ान के अलावा लुटेरा और ट्रैप्ड भी बना चुके हैं। इन फिल्मों को लोग काफी पसंद करते हैं।

अनन्या ने कहा कि मोटवानी के साथ काम करना उनका सपना था और बहुत वक्त तक तो उन्हें इस बात पर यकीन ही नहीं हो रहा था कि वाकई में विक्रमादित्य ने अपनी फिल्म में काम करने का ऑफर दिया है। अनन्या ने यह भी बताया कि उड़ान एक ऐसी फिल्म है, जो उनकी और उनकी मां की साथ में बैठकर देखने वाली पसंदीदा फिल्म है। बता दें कि सीटीआरएल एक साइबर-थ्रिलर फिल्म है, जिसमें विहान समत भी अभिनय किया है। इसे 4 अक्तूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया जाएगा।

अजब-गजब | न्यूजीलैंड में स्थित है यह झरना

# घोड़े की नाल सा है इस झरने का आकार



हारुरू फॉल्स न्यूजीलैंड में स्थित एक दिल को मोह लेने वाला झरना है, जो देखने में कुछ झरनों का समूह लगता है। इसका अनोखा घोड़े की नाल जैसा आकार और समृद्ध इतिहास इसे एक दर्शनीय स्थल बनाता है। यह एक ऐतिहासिक और प्राकृतिक अजूबा है। यह कभी एक व्यस्त नदी बंदरगाह था और माओरी लोगों के लिए महत्व रखता है। यह क्षेत्र जैव विविधता से समृद्ध है, जो प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग प्रदान करता है। हारुरू फॉल्स वेटांगी नदी का हिस्सा है, जो द्वीपों की खाड़ी में बहती है, जो कयाकिंग और अन्य जल गतिविधियों के लिए एक मनोरम स्थान प्रदान करती है। पर्यटक हारुरू फॉल्स ट्रैक के साथ एक सुंदर सैर, पक्षी देखने और पिकनिक का आनंद ले सकते हैं, जो आश्चर्यजनक नजारे और देशी वन्यजीवों को देखने का मौका देते हैं। चाहे आप प्रकृति प्रेमी हों या इतिहास के शौकीन, हारुरू फॉल्स में सभी के लिए कुछ न कुछ है। हारुरू जलप्रपात सिर्फ एक कुदरती अजूबा ही नहीं है। यह ऐतिहासिक महत्व भी रखता है। यह माओरी लोगों के लिए एक अहम स्थान था, जो इस क्षेत्र का उपयोग मछली पकड़ने और भोजन इकट्ठा करने के लिए करते थे। 19वीं सदी की शुरुआत में, हारुरू जलप्रपात न्यूजीलैंड के उन पहले स्थानों में से एक था जहां यूरोपीय बसने वालों ने एक समुदाय की स्थापना की थी। यह जलप्रपात कभी एक व्यस्त नदी बंदरगाह का स्थल था, जहां से माल को खाड़ी के द्वीपों से लाया और ले जाया जाता था। हारुरू फॉल्स में कुछ अनूठी विशेषताएं हैं जो इसे अन्य झरनों से अलग बनाती हैं। अधिकांश झरनों के विपरीत, हारुरू फॉल्स का एक दुर्लभ घोड़े की नाल का आकार उत्तरी अमेरिका के प्रसिद्ध नियाग्रा फॉल्स के समान है। झरने लगभग 5 मीटर ऊंचे हैं, जिससे पर्यटक उन्हें खतरनाक ऊंचाई के जोखिम के बिना करीब से देख सकते हैं। हारुरू फॉल्स के आस-पास का इलाका जैव विविधता से भरपूर है। आस-पास के जंगल में न्यूजीलैंड के मूल निवासी काउरी और पोहुतुकावा जैसे पेड़ हैं, जो झरने को हरा-भरा और हरा-भरा माहौल देते हैं। पक्षी देखने वाले लोग यहां कई तरह के देशी पक्षियों को देख सकते हैं, जिनमें तुई, फैंटेल और किंगफिशर शामिल हैं, जो इसे प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग बनाते हैं हारुरू फॉल्स की सुंदरता और पारिस्थितिकी अखंडता को संरक्षित रखना महत्वपूर्ण है। यहाँ क्षेत्र में संरक्षण प्रयासों के बारे में कुछ तथ्य दिए गए हैं। स्थानीय संगठन और स्वयंसेवक पैदल पथों को बनाए रखने और क्षेत्र को साफ करने के लिए अथक प्रयास करते हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्राचीन बना रहे। देशी वनस्पतियों और जीवों की रक्षा के लिए भी प्रयास चल रहे हैं, जिसमें देशी पेड़ लगाना और आक्रामक प्रजातियों को नियंत्रित करना शामिल है। ने में बहुत आम से झरनों का समूह लगने के बावजूद हारुरू फॉल्स एक बड़ा आकर्षण, कारण इसके आसपास का इलाका और यहां के हालात हैं। इसे खास तौर से पर्यटकों के लिए विकसित भी किया गया है। यही कारण हैं यह दुनिया के दूसरे झरनों के मुकाबले एक अलग तरह का आकर्षण हैं क्योंकि यहां बहुत सारी गतिविधियां देखने को मिलती है। इसका अनूठा इतिहास भी इसे दुनिया में अनूठा बना देता है।

# मिस्र में 138 तो सुडान में 200 से 255 है पिरामिड



पिरामिड अब भले ही 7 अजूबों में शामिल न हों, पर उनका नाम आते ही लोगों के जहन में मिस्र, और पिरामिड की वास्तुकला का ख्याल आ जाता है। हर किसी को लगता है कि पिरामिड मिस्र में ही हैं। अगर आपको भी ऐसा लगता है तो आप गलत हैं। बल्कि हैरानी की बात ये भी है कि मिस्र से ज्यादा पिरामिड एक दूसरे देश में हैं। क्या आप इस देश का नाम जानते हैं? हमारा दावा है कि कम ही लोगों को इस तथ्य की जानकारी होगी। मिस्र से सटे हुए सुडान में सबसे ज्यादा पिरामिड पाए जाते हैं। दुनिया में सबसे ज्यादा पिरामिड यहीं पाए जाते हैं। रिपोर्ट के अनुसार जहां मिस्र में 138 पिरामिड हैं, वहीं सुडान में 200 से 255 पिरामिड मौजूद हैं। हालांकि, सुडान के पिरामिड को प्राचीन मिस्र वासियों ने नहीं बनाया था, जो दक्षिण की ओर यात्रा करने गए थे। माना जाता है कि सुडान में मौजूद पिरामिड को कुश साम्राज्य के लोगों ने बनाया था। ये एक प्राचीन सभ्यता थी जो 1070 ईसा पूर्व से 350 एडी के बीच नील नदी के पास रहा करती थी। दोनों ही सभ्यताएं अपने प्रियजनों को दफनाने के लिए पिरामिड का निर्माण किया करते थे। दोनों पिरामिड्स के साइज में काफी फर्क है। कुश पिरामिड 6 से 30 मीटर तक ऊंचे हुआ करते थे वहीं मिस्र के पिरामिड 138 मीटर तक ऊंचे होते थे। सुडान के मध्य में स्थित मेरोई शहर में सबसे ज्यादा पिरामिड हैं। इसमें 200 के करीब पिरामिड पाए जाते हैं। देश के बाकी पिरामिड अलग-अलग हिस्सों में मौजूद हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि मिस्र में न ही सबसे ज्यादा पिरामिड हैं और न ही सबसे बड़े पिरामिड हैं, क्योंकि सबसे बड़ा पिरामिड देखने के लिए आपको मेक्सिको के चोलूला जाना पड़ेगा, जहां ग्रेट पिरामिड मौजूद है। ये पिरामिड एक पहाड़ के अंदर छुपा हुआ है। वैज्ञानिक अब सुडान के पिरामिड के बारे में ज्यादा रिसर्च कर रहे हैं, जिससे पता लग पाए कि जिस शहर में वो मौजूद हैं, वहां पहले क्या हुआ करता था।

# मोहन सरकार में साधु-संत भी सुरक्षित नहीं

## भाजपा का सनातन विरोधी चेहरा एक बार फिर हुआ उजागर: कांग्रेस

» भाजपा नेता के भाई पर साधु को निर्वस्त्र करके पीटने का आरोप

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

उज्जैन। उज्जैन के नागदा में एक संत के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। यहां पर संत को नग्न करके पीटा गया। इसका वीडियो वायरल होने के बाद कांग्रेस के नेताओं ने मोहन सरकार को घेरना शुरू कर दिया। कांग्रेस नेता एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा भाजपा का सनातन विरोधी चेहरा एक बार फिर हुआ उजागर, भाजपा के राज में अब साधु-संत भी सुरक्षित नहीं। भाजपा नेता पूर्व कैबिनेट दर्जा प्राप्त मंत्री सुल्तान सिंह शेखावत के भाई लक्ष्मण शेखावत एवं विक्की शुक्ला ने उज्जैन जिले के नागदा में साधु गोपाल दास जी को नग्न कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

इसके अलावा पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने इस मामले को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। साधु गोपालदास ने बताया कि नागदा में कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट है। संत ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने मुझे नग्न करके पीटा और बोले गायत्री मंत्र सुनाओ। साधु ने बताया कि वो संत त्यागी महाराज के आश्रम जा रहा था। ट्रेन से नागदा पहुंचा इसके बाद पैदल कच्चे रास्ते से आश्रम की ओर जा रहा था। तभी कुछ लोगों ने घेर लिया और शराब के लिए पैसे मांगने लगे। विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट कर कपड़े फाड़ दिए। किसी तरह नग्न अवस्था में जान बचाकर आश्रम पहुंचा। इसके बाद रिपोर्ट लिखवाई।



### मप्र में पटवारी भर्ती परीक्षा में घोटाला : अरुण यादव

मप्र में समय पर परीक्षाएं न होने और रिजल्ट में गड़बड़ी को लेकर युवा बेरोजगार आंदोलन कर रहे हैं। मध्य प्रदेश में पटवारी भर्ती में हुए घोटाले की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग बेरोजगार युवाओं के साथ अब कांग्रेस पार्टी भी मुखर हो गई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरुण यादव ने पटवारी भर्ती में हुए घोटाले की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं करने पर सरकार और अधिकारियों पर कई आरोप लगाए हैं। अरुण



यादव अपने सोशल साइट एक्स पर लिखा कि व्यापमं द्वारा आयोजित समूह-2, उप समूह-4 एवं पटवारी भर्ती परीक्षा में जमकर गड़बड़ियां हुई थी, घोटाले की जांच रिटायर्ड जज से भी करवाई गई, मगर 6 महीने से अधिक होने के बाद भी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है, इस रिपोर्ट को लेकर आरटीआई भी लगाई गई, मगर सरकार जवाब नहीं दे रही है। आखिर सरकार रिपोर्ट को छुपाकर घोटालेबाजों को क्यों बचाने का काम कर रही है? क्या सरकार में बैठे नेताओं, अफ़सरों की सांठगांठ से पूरा घोटाला हुआ था? क्या सरकार को प्रदेश के युवाओं के भविष्य की चिंता नहीं है।



### जनहित की योजनाएं बंद कर रही बीजेपी सरकार : भूपेश बघेल

**बोले- पैसे भी हो गए लैप्स**

रायगढ़। रायगढ़ जिला मुख्यालय में स्थित ऑडिटोरियम भवन में कांग्रेस महापौर और नगर निगम की टीम द्वारा तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। इसमें प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहुंचे। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि पूरे प्रदेश में जो भी योजनाएं चल रही थी, भाजपा सरकार ने सभी को बंद कर दिया। मात्र एक योजना चल रही है। महतारी वंदन योजना उसमें भी नई विवाहिताओं के लिये पोर्टल खोला नहीं गया है और छूट गए हैं, उन्हें भी जोड़ा नही जा रहा है। वृद्धा पेंशन जिनको मिल रहा था, उन्हें भी कटौती करके दिया जा रहा है। पूर्व सीएम ने आज की स्थिति में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जहां भी जा रहे हैं, वहां भूमिपूजन नही कर रहे हैं। जितने भी स्वीकृत कार्य के लिये पैसे आ चुके थे, निर्माण कार्यो के लिये, समाजों के लिये वो सारे वापस चले गए। हमारे शासन काल में जो काम जहां पहुंचा था वो वहीं पर रूका हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि नौ महीनों में उन्होंने कुछ काम नही किया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि दुर्भाग्यजनक बात यह है कि संवैधानिक संकट है कि राज्यपाल जिलों में जाकर अधिकारियों की बैठक ले रहे हैं। ये निर्वाचित मुख्यमंत्री और उनके मंत्रियों और सांसदों की जिम्मेदारी है कि वे बैठक लें। भाजपा निक्कमी सरकार है। उन्होंने खुद मान लिया है, इसलिए राज्य अनेक जिलों में जाकर बैठक कर रहे हैं।

# टीएमसी सांसद के इस्तीफे पर रार

» बंगाल सीएम पर हमलावर हुई बीजेपी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

कोलकाता। टीएमसी के राज्यसभा सांसद जवाहर सरकार के रविवार को पार्टी से इस्तीफा देते ही भाजपा बंगाल की ममता सरकार पर हमलावर हो गयी है। बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने बंगाल सीएम पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला डॉक्टर के बलात्कार और हत्या मामले को वह ठीक से संभाल नहीं पायी है। इसलिए उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। बता दें, जवाहर सरकार ने आरजी कर अस्पताल में हुए कांड और पार्टी में भ्रष्टाचार हवाला देकर अपने पद से इस्तीफा दिया है।

अमित मालवीय ने एक्स पर एक पोस्ट करके ममता पर निशाना साधा और उनसे इस्तीफे की मांग की। उन्होंने पोस्ट में लिखा, टीएमसी के राज्यसभा सांसद जवाहर सरकार ने टीएमसी द्वारा संचालित पश्चिम बंगाल



सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार और आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में बलात्कार और हत्या मामले को ठीक से न संभाल पाने का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया है।

### सीएम को देना चाहिए त्यागपत्र : पूनावाला

भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, अगर किसी को इस्तीफा देना चाहिए तो वह पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी को देना चाहिए। टीएमसी सरकार और ममता बनर्जी ने भ्रष्टाचार को संस्थागत बना दिया है और अपने पत्र में उन्होंने लिखा है कि जब भी उन्होंने भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया तो उन्हें चुप करा दिया गया। ममता बनर्जी ने सबूत नष्ट करने और आरोपियों को बचाने की कोशिश की।

# पीडीपी ने खत्म की नेकां की तानाशाही: महबूबा

» बोलीं- जम्मू-कश्मीर की जनता सब समझ गई

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

अनंतनाग। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि अगर उनकी पार्टी नहीं होती तो नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) जम्मू-कश्मीर में तानाशाही तरीके से काम कर रही होती। मुफ्ती ने रविवार को अनंतनाग में प्रेसवार्ता में कहा कि जम्मू-कश्मीर की जनता समझ गई है कि पीडीपी ने राज्य में सुशासन स्थापित किया है। विश्वविद्यालय, कॉलेज और एम्स पीडीपी सरकार की ही देन है। उन्होंने नेकां के खिलाफ यह टिप्पणी ऐसे समय में की है, जब राजनीतिक दलों ने विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश में चुनावी अभियान तेज कर दिया है।

नेकां और पीडीपी ने अपने घोषणापत्र में अनुच्छेद 370 की बहाली का वादा किया है। भाजपा ने कहा है कि अनुच्छेद 370 अब अतीत की बात हो गई है। अनुच्छेद 370 के



निरस्त होने के बाद प्रदेश में विधानसभा के ये पहले चुनाव हैं। नेकां-कांग्रेस ने गठबंधन किया है। शुक्रवार को जम्मू में भाजपा का संकल्प पत्र जारी करने के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कांग्रेस व नेकां के घोषणापत्र पर तीखा हमला किया। शाह ने कहा कि वे आतंकवाद फैलाना चाहते हैं, गुज्जर, बकरवाल, पहाड़ी और दलितों का आरक्षण छीनना चाहते हैं, अपराधियों को रिहा करना चाहते हैं और जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के साथ व्यापार शुरू करना चाहते हैं। उधर, नेकां उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने एक साक्षात्कार में कहा कि अनुच्छेद 370 लंबा संघर्ष है। अनुच्छेद 370 और जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा नेकां की विचारधारा का हिस्सा है। यह ऐसा कुछ नहीं है जिसे हम छोड़ देंगे। इस मुद्दे को संबोधित करने से पहले केंद्र में कुछ सरकारी बदलावों की आवश्यकता होगी।

### आतंकवाद की भेंट चढ़ने वालों में 85 प्रतिशत मुसलमान : राजनाथ

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को रामबन जिले के बनिहाल सीट से भाजपा उम्मीदवार मोहम्मद सलीम भट के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। सिंह ने कहा, जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की भेंट चढ़ने वालों में 85 प्रतिशत मुसलमान थे। कश्मीर में आतंकवादी घटनाएं आम बात थी। क्या आतंकवादी घटनाओं में हिंदू मारे जा रहे थे? मैं गृह मंत्री रह चुका हूं और मुझे पता है कि आतंकवादी घटनाओं में सबसे ज्यादा मुसलमानों की जान गई है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में 40,000 से ज्यादा लोगों की जान गई है।

# पैरालंपिक 2024 में भारत का बेहतरीन प्रदर्शन

» भारत ने किया रिकॉर्ड 29 पदकों पर कब्जा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

पेरिस। पेरिस पैरालंपिक 2024 में भारत का सफर खत्म हो गया है। 8 सितंबर को कैनो स्प्रिंट में पूजा ओझा विमेंस व्रश 200 मीटर फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकीं। मौजूदा गेम्स में भारत काये आखिरी इवेंट रहा। पेरिस पैरालंपिक में भारत का सफर बेहतरीन रहा। अबकी बार भारत ने रिकॉर्ड 29 मेडल हासिल किए। इसमें 7 गोल्ड, 9 सिल्वर और 13 ब्रॉन्ज मेडल शामिल रहे। भारत मेडल टैली में 18वें नंबर पर रहा है।

भारत ने मेडल टैली में स्विट्जरलैंड, साउथ कोरिया बेल्जियम और अर्जेटीन जैसे देशों को पीछे छोड़ा है। देखा जाए तो पैरालंपिक गेम्स में भारत ने अब तक





का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है और पिछले रिकॉर्ड्स ध्वस्त हो गए हैं। इससे पहले पैरालंपिक गेम्स में भारत का सर्वश्रेष्ठ ध्वस्त हो गए हैं। इससे पहले पैरालंपिक गेम्स में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन टोक्यो में रहा था। टोक्यो में भारत ने 5 गोल्ड, 8 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज मेडल जीते थे। कुल 19 मेडल्स के साथ तब भारत ने 24वां स्थान हासिल किया था। वहीं भारत ने इस बार एथलेटिक्स में सबसे ज्यादा मेडल जीते। इसमें चार गोल्ड मेडल भी शामिल हैं। वहीं दूसरे नंबर पर पैरा बैडमिंटन है जिसमें एक गोल्ड के साथ 5 पदक और आए। पैरा शूटिंग में एक गोल्ड समेत 4 मेडल हासिल हुआ। उधर पैरा आर्चरी में भारत ने एक गोल्ड समेत 2 पदक और पैरा जूडो में 1 ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए। पहली बार भारत ने पैरालंपिक गेम्स में इतने ज्यादा गोल्ड मेडल जीते हैं।

### क्लोजिंग सेरेमनी में हरविंदर-प्रीति पाल रहे भारत के ध्वजवाहक

पेरिस पैरालंपिक 2024 क्लोजिंग सेरेमनी की आधिकारिक तौर पर शुरुआत फ्रेंच सिंगर सैंटा के साथ हुई। उन्होंने शानदार अंदाज में सेरेमनी का आगाज किया। पेरिस पैरालंपिक की क्लोजिंग सेरेमनी का नाम पेरिस इज ए पार्टी रखा गया था। भारत के लिए हरविंदर सिंह और प्रीति पाल क्लोजिंग सेरेमनी में ध्वजवाहक बने। हरविंदर सिंह ने तीरंदाजी में गोल्ड मेडल जीता था। वहीं प्रीति ने महिलाओं की 100 और 200 मीटर रेस में दो ब्रॉन्ज मेडल जीते। वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति इम्मेनुएल मैक्रों भी पेरिस पैरालंपिक 2024 की क्लोजिंग सेरेमनी का हिस्सा बने। बता दें कि, अब 4 साल बाद अमेरिका पैरालंपिक की मेजबानी करेगा। लॉस एंजिलिस में पैरालंपिक खेलों का आयोजन किया जाएगा।




# हादसे पर हादसे फिर भी नहीं टूटी एलडीए की नींद

## » सतर्क रहते तो टल सकती थी दुर्घटना

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। यूपी की राजधानी लखनऊ के विकास कर जिम्मा संभाल रही लखनऊ विकास प्राधिकरण अर्थात एलडीए के काम करने के तरीके पर सवाल उठ रहा है। साल दर साल अवैध भवन निमार्ण व उनके गिरने की खबरें आती रहती हैं। जब हादसों में कुछ लोगों की जान चली जाती है खूब शोर-शराबा होता है कि फर आरोपियों से कुछ डिलिंग करके पीड़ितों को उनके हाल पर छोड़ दिया जाता है।

दरअसल, राजधानी के सरोजनी नगर में एक तीन मंजिला इमारत गिर गई है उसमें आठ लोगों की मौत हो गई थी व कई लोग घायल थे। इसम मामले को गंभीरता से लेते हुए सीएम योगी ने जांच के आदेश दे दिए हैं जांच कब तक पूरी होगी ये तो प्रशासन जाने पर एलडीए ने बिल्डिंग में खराब मैटेरियल के इस्तेमाल की बात व मकान मालिक के खिलाफ मुकदमा लिखा कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली है और अगले हादसे का इंतजार करने ली हैं। रविवार को ट्रांसपोर्ट नगर में इसी आधार पर एक बिल्डिंग को सील भी किया गया है। लोगों कहा है कि पिछले साल हुए अलाया अपार्टमेंट हादसे के बाद एलडीए चेत जाता तो शनिवार को हुआ ट्रांसपोर्टनगर हादसा टल सकता था।




### अब होगा अमल : वीसी एलडीए

"अलाया अपार्टमेंट के समय सेफ्टी ऑडिट का जो आदेश हुआ था उस पर किसी कारण अमल नहीं हो पाया होगा, लेकिन अब होगा। इसके लिए आर्किटेक्ट का पैनल बना लिया जाएगा। पूरे शहर का सेफ्टी ऑडिट होगा। इसकी फीस भी तय की जाएगी। - **प्रथमेश कुमार** वीसी एलडीए

### अलाया हादसे के बाद भी नहीं चेते

अलाया हादसे के बाद पूरे शहर में कॉमर्शियल बिल्डिंग और अपार्टमेंटों का सेफ्टी ऑडिट कराने का आदेश हुआ था। इसके बाद एलडीए बोर्ड से प्रस्ताव भी पास हुआ, लेकिन यह कवायद कागजी भर रही। अब एक और हादसा होने के बाद एलडीए ने सुरक्षा के लिए बिल्डिंगों की स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग जांच कराने की बात कही है। बीते साल 25 जनवरी 2023 को वजीर हसन रोड पर पांच मंजिला अलाया अपार्टमेंट अचानक पूरी तरह ढह गया था। उस दिन भी न तो कोई भूकंप आया था न आंधी या बारिश और न अपार्टमेंट ही जर्जर था। हादसे में एक ही परिवार की दो महिलाओं की जान गई थी। 12 फ्लैट और एक पेंट हाउस वाला यह अपार्टमेंट क्यों ढहा, जब इसकी जांच हुई तो पता चला कि इसका निर्माण बहुत घटिया था।

## अपार्टमेंटों व कॉमर्शियल बिल्डिंगों का सेफ्टी ऑडिट का आदेश हवा में

उस समय मंडलायुक्त रोशन जैकब ने सभी अपार्टमेंटों व कॉमर्शियल बिल्डिंगों का सेफ्टी ऑडिट कराने का आदेश दिया था। इसके बाद एलडीए बोर्ड में प्रस्ताव भी पास हुआ, लेकिन हुआ कुछ नहीं। सूत्रों ने बताया कि प्रस्ताव पास कर शासन भेज दिया गया, लेकिन वहां से कोई आदेश नहीं आया। तब एलडीए बोर्ड बैठक में पास हुए प्रस्ताव के तहत पंजीकृत आर्किटेक्ट का एक पैनल बनाया जाना था, जिनसे अपार्टमेंट व कॉमर्शियल बिल्डिंगों की जांच कराई जानी थी, ताकि पता चले कि स्वीकृत मानचित्र के अनुरूप निर्माण है कि नहीं। बिल्डिंग का स्ट्रक्चरल डिजाइन सही है कि नहीं। बिल्डिंग का उपयोग उसकी क्षमता के अनुरूप हो रहा है या उससे अधिक। बिल्डर ने निर्माण सामग्री की जो गुणवत्ता बताई गई है, उसी हिसाब से निर्माण हुआ है या नहीं। सरिया, सीमेंट, गिट्टी, मौरंग आदि का प्रयोग सही अनुपात में है या नहीं।

### बसपा प्रमुख मायावती ने सपा व बीजेपी को घेरा, कहा-

# अपराध, अपराधी व जाति के नाम पर जबरदस्ती की राजनीति की जा रही

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने कहा कि यूपी के सुलतानपुर जिले में एनकाउन्टर की घटना के बाद से बीजेपी व सपा में कानून-व्यवस्था को लेकर आरोप-प्रत्यारोप लगाये जा रहे हैं तथा अपराध, अपराधी व जाति के नाम पर जबरदस्ती की राजनीति की जा रही है, जबकि इस मामले में ये दोनों चोर-चोर मौसेरे भाई जैसे हैं।



अर्थात् बीजेपी की तरह सपा सरकार में भी तो कई गुणा ज्यादा कानून-व्यवस्था का बुरा हाल था। दलितों, अन्य पिछड़े वर्गों, गरीबों व व्यापारियों आदि को सपा के गुण्डे, माफिया दिन-दहाड़े लूटते व मारते-पीटते थे, ये सब लोग भूले नहीं हैं। पूर्व सांसद ने लिखा- जबकि उत्तर प्रदेश में वास्तव में 'क़ानून द्वारा क़ानून का राज', बी.एस.पी. के शासन में ही रहा है। जाति व धर्म के भेदभाव के बिना लोगों को न्याय दिया गया। कोई फर्जी एनकाउन्टर आदि भी नहीं हुये। अत: बीजेपी व सपा के कानूनी राज के नाटक से सभी सजग रहें।

### एनकाउंटर, शासनिक हत्या का साधन बन गया : चंद्रशेखर



नगीना सांसद और आजाद समाज पार्टी के नेता चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि सुल्तानपुर में सर्राफा कारोबारी डकैती के मामले में आरोपी जौनपुर निवासी मंगेश यादव के एनकाउंटर पर आरोपी की माँ द्वारा उठाया गया सवाल (पुलिस ने सितंबर की रात पूछताछ के बहाने घर से उठाया और तीसरे दिन गोली मारकर हत्या कर दी) चिंता का विषय है। एनकाउंटर, शासनिक हत्या का साधन बन गया है। शासनिक हत्या भारतीय संविधान के अनुच्छेद-21 में प्राप्त जीवन की आजादी के मौलिक अधिकार की भी हत्या है। मैं सुप्रीम कोर्ट से मामले को संज्ञान में लेकर उच्च स्तरीय न्यायिक जाँच कराने का निवेदन करता हूं।

# ड्रोन हमलों के खिलाफ इंफाल में प्रदर्शन करने वालों पर पुलिस ने बरपाया कहर

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

इंफाल। प्रदर्शनकारी सड़क पर बैठ गए और संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा हाल में किए गए ड्रोन हमलों की निंदा करते हुए नारे लगाए तथा घटना में शामिल लोगों को गिरफ्तार करने में अधिकारियों की 'अक्षमता' की निंदा की। मणिपुर में हाल में हुए ड्रोन हमलों की निंदा करते हुए रैली निकालने के बाद, रविवार देर रात इंफाल में राजभवन और मुख्यमंत्री के बंगले के निकट पहुंचे प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के कई गोले दागे।

### » आंसू गैस के गोले दागे

हजारों लोगों ने टिडिम रोड पर तीन किलोमीटर से अधिक दूरी तक मार्च किया और जब पुलिस ने उन्हें रोका, तो वे कड़ी सुरक्षा वाले क्षेत्र की ओर बढ़ गए। राज्य और केंद्रीय बलों की एक टुकड़ी ने सड़क पर अवरोधक लगा दिए। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले भी दागे। घटनास्थल पुलिस मुख्यालय, राज्य सचिवालय और भाजपा कार्यालय के निकट है। प्रदर्शनकारी सड़क पर बैठ गए और संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा हाल में किए गए ड्रोन हमलों की निंदा करते हुए नारे लगाए तथा घटना में शामिल लोगों को गिरफ्तार करने में अधिकारियों की ''अक्षमता'' की निंदा की। उन्होंने ड्रोन हमलों को रोकने में कथित रूप से विफल रहने के लिए राज्य के पुलिस महानिदेशक को पद से हटाने की मांग करते हुए नारे लगाए।



### सीएम की केंद्र से अपील

इस बीच, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने केंद्र से राज्य की क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए कदम उठाने की अपील की। उन्होंने केंद्र सरकार से कुकी जो समूहों द्वारा उठाई गई अलग प्रशासन की मांग के आगे न झुकने का भी आग्रह किया। अधिकारियों ने कहा कि हिंसा की ताजा घटना के बाद रविवार को मणिपुर में सुरक्षा बढ़ा दी गई थी, जिसमें कई लोग मारे गए थे। उन्होंने कहा कि स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है।

### सभी स्कूल 9 और 10 सितंबर को बंद

मणिपुर में जारी हिंसा के बीच, राज्य सरकार ने घोषणा की है कि मणिपुर के सभी स्कूल 9 और 10 सितंबर (सोमवार और मंगलवार) को बंद रहेंगे। शिक्षा निदेशालय ने एक आदेश जारी किया है जिसमें कहा गया है कि सभी सरकारी, निजी और केंद्रीय विद्यालय 9 और 10 सितंबर को बंद रहेंगे। आधिकारिक आदेश के अनुसार, छात्रों और शिक्षकों की सुरक्षा का हवाला देते हुए यह निर्णय लिया गया है।शुक्रवार, 6 सितंबर को एक घातक रॉकेट हमले में एक व्यक्ति की मौत के बाद पूर्वोत्तर में हिंसा की एक नई लहर आई है। इस घटना ने क्षेत्र में चल रही अशांति को और बढ़ा दिया है, जो लगातार झड़पों और सुरक्षा चिंताओं से घिरा हुआ है।

# जम्मू-कश्मीर में दो आतंकवादी हुए ढेर

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

श्रीनगर। भारतीय सेना के अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास नौशेरा शहर के लाम के सामान्य क्षेत्र में रविवार और सोमवार की मध्यरात्रि को शुरू किए गए घुसपैठ विरोधी अभियान में दो आतंकवादी मारे गए।

### » नौशेरा में घुसपैठ विरोधी अभियान जारी

नौशेरा में घुसपैठ विरोधी अभियान- भारतीय सेना के अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास नौशेरा शहर के लाम के सामान्य क्षेत्र में रविवार और सोमवार की मध्यरात्रि को शुरू किए गए घुसपैठ विरोधी अभियान में दो आतंकवादी मारे गए। रिपोर्ट के अनुसार, बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चल रहा है क्योंकि संदेह है कि गोलीबारी में कम से कम दो आतंकवादी मारे गए हैं।

# सीएम नीतीश राज्य को संभालने में असमर्थ : तेजस्वी

### बिहार में बढ़ते अपराध पर राजद नेता ने किया हमला

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

पटना। पटना में अज्ञात अपराधियों द्वारा भाजपा नेता मुन्ना शर्मा की गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद राजद नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सोमवार को राज्य सरकार पर कटाक्ष किया और कहा कि उनके संरक्षण में बिहार में अपराध फल-फूल रहा है।

यादव ने आगे आरोप लगाया कि अपराधी जब चाहें, जहां चाहें किसी को भी गोली मार दे रहे हैं और एनडीए नेता राज्य में बढ़ते अपराध से अनजान हैं। पूर्व डिप्टी सीएम यादव ने राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की आलोचना करते हुए उन्हें व्यस्त और थका हुआ कहा और उन पर राज्य का प्रबंधन करने में असमर्थ होने का आरोप लगाया। एक्स पर एक पोस्ट में तेजस्वी यादव ने एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि बिहार में सरकार के संरक्षण में अपराध फल-फूल रहा है। अपराधी जब और जहां चाहे, किसी को भी गोली मारकर भाग जा रहे हैं। वीडियो में अपराधी बीजेपी नेता को गोली मारकर भाग रहे हैं। ट्वीट में कहा गया कि एनडीए नेता बढ़ते अपराध से अनजान हैं।



### स्नैचिंग करने के विरोध पर हुई भाजपा नेता की हत्या

सोमवार की सुबह, भारतीय जनता पार्टी के नेता मुन्ना शर्मा की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी, जब वे कथित तौर पर पटना में चेन-स्नैचिंग के प्रयास का विरोध कर रहे थे। शर्मा, जो पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष थे, को गोलीबारी की घटना में घायल होने के बाद अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।






स्वामी 4 पीएम न्यूज नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **संजय शर्मा** द्वारा आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से मुद्रित एवं 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से प्रकाशित। **संपादक** - संजय शर्मा, **विधि सलाहकार**: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार**: संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट**: हसन जैदी, **दूरभाष**: 0522- 4078371 | **Email**: daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in |
RNI-UPHIN/2015/62233 डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।